दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 04 दिसम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 346 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## प्रसार भारती के अध्यक्ष पद से नवनीत सहगल का अचानक इस्तीफा

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफा से उत्तर प्रदेश के आईएएस लॉबी में जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल को पिछले साल प्रसार भारती के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्रों के अनुसार बुधवार को वह अपने कार्यालय पर आए और पूरे दिन कार्य में व्यस्त थे। लेकिन कार्यालय से जाते समय उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफा से कयासों का बाजार गर्म हो गया है। सूत्रों का कहना है कि नवनीत सहगल उत्तर प्रदेश काडर में फिर से आना चाह रहे थे लेकिन केंद्र सरकार इसके लिए राजी नहीं हो रही थी। यही कारण है कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।



## नए फोन में नहीं होगा संचार साथी ऐप
## सरकार ने प्री-इंस्टॉलेशन का आदेश लिया वापस




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर 'संचार साथी' साइबर सुरक्षा ऐप को पहले से इंस्टॉल करने की अनिवार्यता संबंधी अपने आदेश को वापस ले लिया है। सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आदेश सभी मोबाइल निमार्ताओं, जिनमें अस्त्रस्त्र'ी जैसी कंपनियां भी शामिल हैं, से वापस लिया जा रहा है। सरकार ने इस फैसले का कारण यह बताया कि पिछले 24 घंटों में इस ऐप को डाउनलोड करने वाले उपयोगकताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

सरकार ने कहा कि पहले से इंस्टॉल करने का आदेश ₹इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए₹ दिया गया था। यह आदेश विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा दो दिनों तक किए गए विरोध प्रदर्शनों के बाद वापस लिया गया है, क्योंकि उन्हें चिंता थी कि पहले से इंस्टॉल करने का निर्देश निजता के अधिकारों का उल्लंघन करता है और इस ऐप का इस्तेमाल लोगों की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है, जो 2021 के पेगासस स्पाइवेयर घोटाले की याद दिलाता है।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल कहा था और आज सुबह संसद में दोहराया था - यदि आवश्यकता हुई तो ऐप को हटाया जा सकता है।

सरकार ने कहा, ₹सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से, सरकार ने सभी स्मार्टफोन पर संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य कर दिया है। यह ऐप सुरक्षित है और साइबर दुनिया में मौजूद खतरनाक तत्वों से नागरिकों की मदद के लिए बनाया गया है। ऐप में उपयोगकताओं की सुरक्षा के अलावा कोई अन्य कार्य नहीं है और उपयोगकर्ता जब चाहें ऐप को हटा सकते हैं।

## साहिबाबाद में एसआईआर की धीमी रफ्तार पर आया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का बयान
## बताये कई व्यवहारिक कारण और कहा कि कर रहे हैं इसमें सुधार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा में एसआईआर अभियान को लेकर मतदाता जागरूक नहीं दिखाई दे रहे हैं। यहां अभियान की रफ्तार अत्यंत धीमी है। ये तब है जब यहां हाईराईज बिल्डिंग में शिक्षित मतदाता रहते हैं। यहां आरडब्लूए हमेशा अलर्ट मोड पर रहती है। लेकिन यहां पर प्रैक्टिकली दिक्कत ये आ रही है कि अधिकांश मतदाता वर्किंग हैं। वो दिल्ली या आसपास के क्षेत्र में नौकरी के लिए जाते हैं। वहीं जब बीएलओ पहुंचते हैं तो उन्हें आरडब्लूए का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। वजह जो भी हो लेकिन इसका सीधा असर मतदाता सूची पर पड़ेगा। एक बड़ी संख्या में वो मतदाता भी वोटर लिस्ट से गायब हो जायेंगे जो वास्तव में यहीं रहते हैं। इस स्थिति को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने साहिबाबद विधानसभा के विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। उन्होंने ये स्वीकार किया कि वास्तव में एसआईआर अभियान की रफ्तार यहां धीमी है। लेकिन उन्होंने इसके पीछे के कारण भी बताये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यहां प्रवासी आबादी ज्यादा है और वो अभी इस बात को तय नहीं कर पा रहे कि वो अपना मतदाता अधिकार अपने पैत्रक गांव में प्रयोग करें या यहां पर करें। बिहार, पूर्वांचल, और अन्य प्रदेशों से आई एक बड़ी आबादी यहां निवास करती है। इस प्रवासी आबादी का अपने पैत्रक स्थान से लगाव है। वो कई बार मतदान करने के लिए एक बड़ा सफर तय करके वापस जाते हैं। ये वही आबादी है जो अभी तय नहीं कर पा रही है। वहीं दूसरा कारण बताते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शिफ्टिंग भी कारण है। बड़ी विधानसभा है और लोग यहां एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट होते रहते हैं। अब नई कॉलोनी है तो लोग एक दूसरे को पहचानते नहीं है। ये समस्या भी आ रही है। हालांकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये उम्मीद जताई कि अभी 11 दिसम्बर तक का समय है। सभी बीएलओ लगे हुए हैं और वो काम कर रहे हैं। हमने कार्यकर्ताओं से भी कहा है कि वो इस अभियान में जुटें। उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि कई वोट इस अभियान में कट जायेंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि हम इस बात को लेकर आशावान हैं कि उतनी ही संख्या में यहां नए वोटर भी मतदाता सूची में आयेंगे। जब नए मतदाताओं का नाम दर्ज होगा तो मतदाता उसी अनुपात में लिस्ट में बढ़ जायेंगे, उनका नाम जुड़ेगा।

### अपना फार्म जरूर भरें और जागरूकता का परिचय दें : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एसआईआर अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से कहा है कि वो सभी इस अभियान में जुटें और बीएलओ को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मैं सभी क्षेत्रवासियों से ये अपील करता हूं कि वो अपना फार्म ले लें और अगर बीएलओ किसी कारणवश नहीं मिलते हैं तो अपना फार्म ऑनलाईन भरें। ऑनलाईन का ऑप्शन है, इसका लाभ उठायें। आप जागरूक मतदाता हैं अपना फार्म जरूर भरें। जो लोग ऑनलाईन फार्म नहीं भर सकते वो अपने बीएलओ से सम्पर्क करें। अपने पार्षदों से सम्पर्क करें।

## निगम के अधिकारी बोले, हाउस टैक्स पर निर्णय याचिकाकर्ता के वकीलों की अनुपस्थिति से हो रहा है लेट

### अब कोर्ट ने फाइनल की 10 दिसंबर की डेट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि मामले में प्रयागराज हाईकोर्ट में केस चल रहा है। भाजपा के पूर्व पार्षदों में इस मामले में याचिका दायर की थी और हाईकोर्ट बेंच इसकी सुनवाई कर रहा है। जून से ये मामला चल रहा है और लगातार कई तारीखें लगी हैं। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन अब इस मामले में 10 दिसम्बर की तारीख लगी है। इस मामले में कर निर्धारण अधिकारी तथा राजस्व प्रभारी सुनील राय ने ये आरोप लगाया है कि याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता तारीख पर नहीं हाजिर हो रहे हैं। जिसकी वजह से इस केस में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं के वकील अदालत में आते हैं लेकिन सुनवाई के वक्त जब आवाज लगती है तो वो दायें बायें हो जाते हैं। प्रभारी राजस्व और कर निर्धारण अधिकारी सुनील राय का कहना है कि जब अधिवक्ता हाजिर नहीं होते तो वहां अदालत इसमें अगली तारीख देती है। जिसकी वजह से देरी हो रही है और इसका असर निगम की आय पर पड़ रहा है।

बुधवार को भी जब इस मामले में अदालत ने अगली डेट लगाई तो निगम के अधिकारी अपसेट हुए और उन्होंने ये आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता जानबूझ कर सुनवाई के वक्त दायें बायें रहते हैं। जिसके चलते ये केस समय से नहीं सुनवाई पर आ रहा है।

### हो जायेगी जल्द ही निगम की ये गलतफहमी भी दूर : हिमांशु मित्तल



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य और पेशे से अधिवक्ता हिमांशु मित्तल ने निगम अधिकारी के इस आरोप पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सबसे पहली बात तो ये है कि कोई भी अधिवक्ता अपने पेशे के प्रति ईमानदार होता है। ऐसा कभी नहीं होता कि अधिवक्ता किसी मामले में पैरवी करने के लिए कोर्ट तक पहुंचे और फिर हाजिर ना हो। सबसे बड़ी बात ये है कि हम इस मामले में वादी हैं और हमारे अधिवक्ता वादी के अधिवक्ता हैं। केस हमने डाला और हमारा ही वकील सुनवाई पर नहीं जायेगा, ये बात ही समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में राजस्व प्रभारी और कर निर्धारण अधिकारी खुद ही अदालत में तारीख पर नहीं आते हैं। हिमांशु मित्तल ने कहा कि जल्द ही निगम की गलतफहमी दूर हो जायेगी।

## कलेक्ट्रेट में पिता-पुत्र का हंगामा, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में घंटों कामकाज ठप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) कार्यालय में बुधवार को एक युवक द्वारा किए गए हंगामे के कारण काफी समय तक कामकाज बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, भानु प्रताप नामक युवक अपने निरस्त हुए राशन कार्ड से संबंधित समस्या को लेकर कार्यालय पहुंचा था। कर्मचारियों का कहना है कि आवश्यक प्रक्रिया समझाए जाने के बावजूद युवक अचानक आक्रामक हो गया और स्टाफ के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि वह स्टोर रूम तक पहुंच गया और सरकारी दस्तावेजों में बाधा डालने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उसने कार्यालय परिसर में थूककर भी माहौल खराब किया। स्थिति बिगड़ने पर कर्मचारियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद युवक अपने पिता और अन्य लोगों के साथ दोबारा कार्यालय पहुंचा और स्टाफ को धमकाने लगा। महिला कर्मचारियों ने भी उसके अनुचित व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताई है।

लगातार तनावपूर्ण माहौल के चलते कार्यालय का सामान्य कार्य प्रभावित रहा। कर्मचारियों ने अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि सरकारी कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके।

### गाजियाबाद में जल्द नजर आएगा बड़ा बदलाव : नंद किशोर कलाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्राधिकरण सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि गाजियाबाद, जो दिल्ली सीमा से लगा उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार है, आने वाले समय में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण का प्रमुख फोकस लैंड बैंक विकसित करने पर है, जिसके तहत नई हरनंदीपुरम योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस योजना के लिए लगभग 501 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रस्तावित है, जिसमें दो चरणों मे जमीन क्रय करते हुए योजना को धरातल पर उतारना

शेष, पृष्ठ 8


# शोक संदेश



## स्व. डॉ. संजय सिसोदिया

मान्यवर

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय पुत्र डॉ. संजय सिसौदिया का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक 21 नवम्बर 2025 को हो गया है। ईश्वर की ऐसी इच्छा थी। उनकी श्रद्धांजलि सभा बृहस्पतिवार, दिनांक 04 दिसम्बर 2025 को होगी।

॥ कार्यक्रम ॥

बृहस्पतिवार, दिनांक 04 दिसम्बर 2025

हवन-प्रातः 10.00 बजे

श्रद्धांजलि सभा :- दोपहर 1:00 बजे

स्थानः- वी. जे. फार्म हाउस त्यागी मार्केट घूकना, गाजियाबाद

-: शोकाकुल परिवार :-

पिता-मूलचंद सिसोदिया

चाचा-रामकिशन व बालकिशन सिसोदिया

एवं शोकाकुल परिवार


## सिहानी गेट पुलिस में गुमशुदा बच्चों को खोज, परिवार को लौटाई खुशी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना सिहानी गेट पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ऑपरेशन खुशी के तहत घर से गायब हुए 8 साल के अद्विक और 10 वर्ष की दिव्या को तत्परता से खोजने और वापस परिजनों को सौंपने का काम किया है। पहला मामला पुराना बस अड्डा स्थित संतोष मेडिकल कॉलेज के निकट का था, जबकि दूसरा मामला गांधीनगर इलाके का बताया जा रहा है। दोनों मामले में थाना प्रभारी सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित द्वारा चौकी प्रभारी और पुलिस की टीम को लगाकर दोनों ही बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कराया गया है। इसके बाद पीड़ित परिवारों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई पर उन्हें धन्यवाद दिया।

## कॉरपोरेट लुक में बनकर तैयार हुआ शालीमार गार्डन थाना

### बुधवार को पुलिस के अधिकारियों ने बड़े खाने में लिया भाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थानों को अपग्रेड और मॉडर्न लुक में बनाने का अभियान जारी है। इसी कड़ी में ट्रांस हिंडन जोन के थाना शालीमार गार्डन के नवनिर्मित भवन का पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और कमिश्नरेट के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया। नया थाना बेहद आधुनिक अंदाज में बनाया गया है। यहां लाइटिंग से लेकर महिला मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल यूनिट, आम लोगों के लिए प्रतीक्षालय, बेहतर परिसर के साथ ही पूरी बिल्डिंग का नजारा बदल गया है। इसे बेहद हाईटेक रूप में और जन सुविधाओं से लैस बनाया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद गौड ने कहा है कि उनकी कोशिश रहेगी कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अन्य सभी थानों को भी जल्द से जल्द मॉडर्न लुक में बनाकर जनता को समर्पित किया जाएगा।



### रोशनी से जगमग हुई बिल्डिंग





### ट्रांस हिंडन में तेज गति से हो रहा है थानों का सौंदर्यीकरण और सुधार कार्य



करंट क्राइम : साहिबाबाद थाने के बाद ट्रांस हिंडन जोन के शालीमार गार्डन थाने की नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन हो गया है। तो वही लिंक रोड थाना, इंदिरापुरम और खोड़ा थाना भी बेहद हाईटेक अंदाज में बनाने का काम हो रहा है। इंदिरापुरम थाने की तस्वीर बदलने का काम जारी है। तो लिंक रोड में पहले ही सुधार एवं सुंदरता कार्यक्रम हो चुका है। इसके साथ ही सिटी जोन के थाना कवि नगर, सिहानी गेट और घंटाघर कोतवाली में भी काम चल रहा है। तो देहात जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थाने की तस्वीर पहले ही बदली जा चुकी है।

### पुलिस अधिकारियों ने लिया भाग

करंट क्राइम : बुधवार को नवनिर्मित शालीमार गार्डन थाने का शुभारंभ किया गया। खुद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सभी गजेटेड अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल हुए अधिकारियों का एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह और थाना प्रभारी शालीमार गार्डन बृजेश यादव द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस के प्रमुख के अधिकारी उपस्थित रहे।



# शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन दोनों सदनों में सुचारु कार्यवाही

## सरकार ने दिए जवाब, संसद परिसर में सोनिया गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** आज संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन है। लोकसभा और राज्यसभा में पहले दोनों दिन हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद आज सदनों की कार्यवाही सामान्य रहने के आसार हैं। लोकसभा में पहले 11 बजे से प्रश्नकाल चलेगा। राज्यसभा में भी सूचीबद्ध किए गए अहम विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा।



### लोकसभा में प्रश्नकाल की शुरूआत

लोकसभा में प्रश्नकाल की शुरूआत हुई। संसद के शीतकालीन सत्र में तीसरे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद दिवंगत पूर्व सांसदों के सम्मान में मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू हुआ। आज जन वितरण केंद्रों (ढळ्र) से जुड़े सवाल पूछे गए। खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सांसदों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने जरूरत के मुताबिक देशभर में फूड कॉपरपोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से गोदाम हायर किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अन्नवितरण योजना के तहत हर महीने गरीब परिवार के लाभार्थियों को पांच किलो गेहूं और चावल दिए जा रहे हैं।

**राज्यसभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस खारिज :** राज्यसभा में कई प्रपत्र सदन के पटल पर रखे गए। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उन्होंने कार्यस्थगन के किसी भी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है।

विपक्षी सांसदों ने आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले संसद परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करने के लिए जमा हुए कांग्रेस सांसदों में सोनिया गांधी भी शामिल रहीं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और आईटी मंत्री वैष्णव ने बुधवार को कहा, एआई जनित डीप फेक वीडियो बनाने वालों और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सरकार फर्जी खबरों और एआई जनित डीप फेक वीडियो पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम बनाने और इसके लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने पर काम कर रही है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सदन को आश्वस्त किया कि 'फर्जी खबरें एक बहुत गंभीर मुद्दा है। फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। फर्जी खबरों और एआई जनित डीप फेक वीडियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, जो लोग और तंत्र फर्जी खबरें फैलाते हैं, वे भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**लोकसभा सांसदों ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े लोकमहत्व के मुद्दे उठाए :** प्रश्नकाल खत्म होने के बाद लोकसभा सांसदों ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े लोकमहत्व के मुद्दे उठाए। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के किशनगंज कैंपस (बिहार), वक्फ संपत्तियों के विवरण अपलोड करने जैसे मुद्दे के अलावा शिक्षा, रोजगार और बाढ़ग्रस्त इलाकों में सरकारी मदद के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया।

**राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू :** राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर पर सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की। राजस्थान से निर्वाचित कांग्रेस सांसद नीरज डांगी ने प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर दौरा न करने पर सवाल खड़े किए। इसके अलावा उन्होंने राजस्थान में भूजल और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता जैसे अत्यंत गंभीर मुद्दे पर भी सरकार का ध्यान खींचा।


**लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक पर चर्चा :** लोकसभा में लोकमहत्व के मुद्दे उठाए जाने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक पेश किया।

---

# जाति जनगणना पर संसद में राहुल ने सरकार को घेरा

## नेता प्रतिपक्ष ने जाति जनगणना को सीधे तौर पर विश्वासघात करार दिया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने संसद में जाति जनगणना को लेकर किए गए अपने एक सवाल पर मिले जवाब को आधार बनाते हुए मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने जाति जनगणना को सीधे तौर पर विश्वासघात करार दे दिया।




राहुल ने एक्स पर अपने पोस्ट में संसद से मिले जवाब की प्रति साझा करते हुए लिखा, संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना पर सवाल पूछा - उनका जवाब चौंकाने वाला है। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा, और न ही जनता से संवाद। दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीति से सीखने की कोई इच्छा भी नहीं। मोदी सरकार की यह जाति जनगणना देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है।

राहुल गांधी ने जो पत्र अपने पोस्ट में साझा किया है, उसमें उन्होंने गृह मंत्री से तीन सवाल पूछे। इनमें पूछा गया-

(क). दशकीय जनगणना की तैयारी के लिए प्रमुख प्रक्रमात्मक कदमों का ब्यौरा और संभावित समयसीमा क्या है, जिसमें प्रश्नों की तैयारी, कार्यक्रम निर्धारण करना शामिल है;

(ख). क्या सरकार का जनगणना के सवालों का प्रारूप प्रकाशित करने और इन सवालों पर जनता या जनप्रतिनिधियों से इनपुट लेने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग). क्या सरकार अलग-अलग राज्यों में किए गए जाति सर्वेक्षण समेत पिछले अनुभवों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तदंसत्बधी ब्यौरा क्या है?

राहुल के इन सवालों का जवाब लिखित तौर पर गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय की तरफ से दिया गया। इनमें कहा गया...

(क). जनगणना 2027 दो चरणों में की जाएगी, अर्थात चरण क मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना, जो अप्रैल से सितंबर 2026 में 30 दिनों की अवधि में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों की सुविधानुसार की जाएगी। इसके बाद चरण क्क- जनसंख्या गणना (ढए) होगी। जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 के दौरान होगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 को 00:00 मानी जाएगी, सिवाय संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमाकालिक क्षेत्रों में, जहां जनसंख्या गणना, सितंबर 2026 के दौरान होगी जिसकी संदर्भ तिथि अक्तूबर, 2026 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी।

(ख). जनगणना प्रश्नावली को प्रत्येक जनगणना से पहले विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और जनगणना डाटा उपयोगकताओं आदि से प्राप्त सुझावों/इनपुट के आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है। प्रारूपित जनगणना प्रश्नावली को अंतिम रूप देने से पहले उनकी व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्र में पूर्व-परीक्षण किया जाता है। जनगणना नियम, 1990 के नियम 6 के अनुसार, जनगणना प्रश्नावली केंद्र सरकार की तरफ से अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के तहत अधिकृत राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित की जाती है।

(ग). जनगणना का 150 वर्षों से अधिक का इतिहास है। अगली जनगणना के लिए पिछली जनगणनाओं से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखा जाता है। प्रत्येक जनगणना से पहले संबंधित हितधारकों से भी सुझाव लिए जाते हैं।

जनगणना का पहला चरण अगले साल अप्रैल से शुरू होगा।

---

# 241 मामलों में वादी-प्रतिवादी का हुआ पुलिस से सामने आमना-सामना






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को सभी थानों पर वादी संवाद दिवस आयोजित किया गया।

यह आयोजन प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से किया जाता है, जिसमें वादियों और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पारदर्शिता, विश्वास और शीघ्र न्याय की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जाता है। वादी संवाद दिवस के दौरान विवेचनाधीन अभियोगों एवं गुमशुदगी से संबंधित मामलों में वादियों को थाने पर बुलाकर संबंधित विवेचकों के साथ वार्ता कराई गई। पुलिस अधिकारियों ने वादियों को जांच की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और उनके सभी प्रश्नों के तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर देते हुए समाधान का भरोसा दिलाया।

- पुलिस कमिश्नरेट में वादी संवाद दिवस आयोजित
- त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से पहल

### जनता में बढ़ रहा है पुलिस के प्रति विश्वास : सीपी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा यह पहल पुलिस व्यवस्था में जनविश्वास बढ़ाने और न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सीपी जे रविंदर गौड का कहना है कि इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### वादियों की संख्या थानावार विवरण

| क्र. सं. | जोन | उपस्थित वादियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | नगर जोन | 78 |
| 2 | ट्रांस हिंडन जोन | 71 |
| 3 | ग्रामीण जोन | 92 |
| 4 | कुल वादी | - 241 |


---

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा की हुई राहें अलग

## कांग्रेस अकेले दम पर पंचायत चुनाव लड़ेगी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की रहे अलग-अलग हो गई है। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ने का फैसला किया है। बुधवार को दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी बड़े नेता मौजूद थे इनमें सांसद प्रमोद तिवारी उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे और राज्य के सभी सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पहले ही कहा था कि पंचायत चुनाव सभी लोग लड़ना चाहते हैं इसको देखते हुए पार्टी ने अपने कार्यकताओं को पंचायत चुनाव लड़ने की छूट दे रखी है। जो भी कार्यकर्ता पंचायत चुनाव लड़ना चाहता है उसे चुनाव लड़ने की छूट है यही वजह है कि पंचायत चुनाव में पार्टी अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। पार्टी ने एमएलसी का चुनाव भी अकेले दम पर लड़ने का फैसला किकवया है। पिछले दिनों इंडी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर समाजवादी पार्टी की ओर से सवाल उठाया गया था सपा के विधायक ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व अखिलेश यादव को सौंपने की मांग की थी।



बुधवार की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के आवास पर सांसदों की एक बैठक हुई थी जिसमें पंचायत चुनाव में अकेले जाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव अकेले लड़ने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी पिछले 6 महीने से पार्टी संगठन सृजन अभियान चल रही है इसके तहत बूथ एवं ब्लॉक स्तर पर पार्टी को मजबूत किया गया है। कांग्रेस के यूपी नेताओं की ओर से अपने उच्च पदाधिकारियों को समझाया गया कि 2029 से पहले यूपी में कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर नहीं है। ऐसे में पार्टी को मजबूत करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि बुधवार को हुई बैठक में केंद्रीय नेतृत्व को समझाया गया कि समाजवादी पार्टी की वजह से कांग्रेस को दलित वोट नहीं मिल रहे। ऐसे में पार्टी पंचायत चुनाव में अकेले चुनाव लड़कर अपनी ताकत परखना चाहती है।

---

# एक माह तक चली नित्य काव्य लेखन प्रतियोगिता में नागेन्द्र त्रिपाठी को प्रथम स्थान



- हिंदी रचनाकार नागेन्द्र त्रिपाठी को 'काशी काव्यश्री साहित्य सम्मान' से नवाजा गया

**गाजियाबाद/वाराणसी, करंट क्राइम।** काशी साहित्यिक संस्थान ट्रस्ट द्वारा काशी में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हिंदी के वरिष्ठ रचनाकार नागेन्द्र त्रिपाठी को 'काशी काव्यश्री साहित्य सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ संजय अनंत, मुख्य अतिथि संजय सिंह परिहार, अरुणिमा दुबे, कार्यक्रम संयोजिका सुनीता जौहरी ने श्री त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

ज्ञातव्य है कि चार सप्ताह तक चली नित्य काव्य लेखन प्रतियोगिता में प्रतिदिन एक नवीन विषय दिया जाता था जिस पर कविता लिखनी होती थी पूरे देश से अनेक नामचीन रचनाकारों ने अपनी कलम का जौहर दिखाया जिसमें नागेन्द्र त्रिपाठी की रचनाओं को श्रेष्ठ घोषित करते हुए उन्हें निर्णायकों ने प्रथम स्थान प्रदान किया। हरियाणा प्रदेश के शुभ राम शास्त्री द्वितीय तथा अमेठी की डॉ.रेखा श्रीवास्तव तृतीय घोषित की गईं। बताते चलें कि नागेन्द्र त्रिपाठी की 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें जीवन के पथरीले पथ पर व कबिरा की काशी विशेष रूप से चर्चा के केंद्र में रही हैं। 96 साझा संकलनों में भी उन्होंने सह लेखक व संपादक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। त्रिपाठी का नाम इंडिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, हार्वर्ड बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया है। इसी के साथ उन्हें 500 से ज्यादा पुरस्कार, सम्मान, प्रशस्ति पत्र, शील्ड व मेडल भी प्राप्त हो चुके हैं।

---

# गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समग्र शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक) गाजियाबाद के तत्वाधान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, लोहियानगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत 22 स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ-साथ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 650 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दोनों शिक्षा विभागों को निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में निजी विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं छात्रों को भी सम्मिलित किया जाए, ताकि दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता तथा उनके शिक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ सके। इस विशेष अवसर पर समावेशी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के निर्देशक/प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ. पी. यादव, सह-जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश चंद्र पांडेय, जिला समन्वयक (माध्यमिक) पवन कुमार भाटी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक (बेसिक) डॉ. राकेश कुमार, रुचि त्यागी, सिंपल चौधरी, टिंकू कंसल, नरेश कुमार, कॉलेज की प्राचार्य अनीता पवार, एसआरजी पूनम शर्मा, जिला पीटीआई राजकुमार, समस्त ब्लॉक पीटीआई एवं स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे। सहयोगी संस्था के रूप में नींव शक्ति संस्था, गाजियाबाद की निदेशक रिचा बल्लभ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन एसआरजी पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

---

# एसडीजीआई ग्लोबल विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाज़ियाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 2 दिसंबर 2025 को एएसटी पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, गाज़ियाबाद में एक महत्वपूर्ण औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण में मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभाग के संकाय सदस्य अनिल कुमार तथा सतपाल सिंह छात्रों के साथ उपस्थित रहे।







इस अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा, नवाचार और अनुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। प्रो चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि अनुशासन और व्यावहारिक अनुभव, दोनों ही एक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होते हैं। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि एसडीजीआई का लक्ष्य छात्रों को ज्ञान, नवाचार और व्यावहारिक कौशल के समन्वित विकास की दिशा में अग्रसर करना है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल संदीप सिंह ने कहा कि एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और पेशेवर उत्कृष्टता को सर्वोपरि मानता है। समग्र रूप से यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा।

---

# मासूम बच्ची को तड़पा-तड़पा कर मारा; बेटे समेत चार बच्चों का कर चुकी है कत्ल

**पानीपत।** पानीपत में छह साल की बच्ची की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने साइको किलर महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने पानी के टब में डुबोकर मासूम बच्ची को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, महिला पहले भी खुद के बेटे समेत चार बच्चों की निर्मम हत्या कर चुकी है। बता दें कि इसराना क्षेत्र में नौल्था गांव में हुई छह साल की बच्ची की हत्या महिला ने की थी। साल 2023 में आरोपी महिला ने अपने ननद की बेटी और खुद के बेटे की हत्या की थी। वहीं, महिला ने अगस्त 2025 में सिवाह गांव में भी एक बच्ची को मौत के घाट उतारा था। आरोपी महिला का नाम पूनम बताया जा रहा है।



आरोपी महिला सोनीपत के भावड गांव की रहने वाली है और उसके पति का नाम नवीन है।

**बच्ची के दादा ने जताई थी हत्या की आशंका :** इसराना थाना क्षेत्र के नौल्था गांव में पानी के टब में डूबने से हुई बच्ची विधि (6) की मौत हुई थी। बच्ची के दादा सेवानिवृत एसआई पाल सिंह ने पानी में डुबोकर बच्ची की हत्या करने के आरोप लगाए थे।

---

# आरडीसी, राजनगर में यातायात जाम और अवैध पार्किंग से त्राहिमाम

## निवासियों ने उच्च अधिकारियों से लगाई गुहार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) क्षेत्र के निवासी लंबे समय से व्याप्त अवैध पार्किंग और इसके परिणामस्वरूप होने वाले भीषण यातायात जाम से त्रस्त हैं। स्थानीय निवासियों के एक समूह ने इस विकट स्थिति के तत्काल समाधान हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव से लेकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी और नगर आयुक्त तक, सभी संबंधित उच्चाधिकारियों को एक विस्तृत अभ्यावेदन भेजा है।



पत्र में निवासियों ने आरडीसी की स्थिति को 'निषिद्ध क्षेत्र' जैसा बताया है। सोशल अवेयरनेस सोसायटी, गाजियाबाद के संस्थापक/अध्यक्ष विनीत शर्मा द्वारा भेजे गए इस अभ्यावेदन में कहा गया है कि सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग और भीड़भाड़ के कारण पूरे इलाके में स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि चिकित्सा आपात स्थिति में एम्बुलेंस को लोगों के घरों तक पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता है। निवासियों ने यह भी शिकायत की है कि दिन भर चलने वाले भारी ध्वनि प्रदूषण के कारण कई लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या देखी गई है। अवैध पार्किंग ने क्षेत्र में असुरक्षा और सार्वजनिक उपद्रव की गंभीर समस्या भी पैदा कर दी है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि स्थिति की पूरी जानकारी होने के बावजूद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और गाजियाबाद नगर निगम इस तरह की अवैध सड़क किनारे पार्किंग को रोकने और उत्पन्न होने वाले लगातार यातायात जाम को दूर करने में पूरी तरह से विफल रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने तत्काल जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। निवासियों ने उम्मीद जताई है कि उच्च अधिकारी इस गंभीर जनहित के मामले का संज्ञान लेंगे और आरडीसी निवासियों को इस दैनिक परेशानी से मुक्ति दिलाएंगे।

---


### गश्ती तलाश / गुमशुदा

वेदप्रकाश पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम ढोकलपुरा मजरा प्यावली ताजपुर थाना जारचा जिला गौतमबुद्ध नगर। उम्र करीब 40 वर्ष। जो मंदबुद्धि है। अपने बहनोई वेदप्रकाश के यहां से दिनांक 29-11-2025 ग्राम बिसेड़ा से लापता है। जिसकी तहरीर थाना जारचा पर गुमशुदगी करा दी गई है।
गुमशुदा रविन्द्र का हुलिया : आंख, नाक औसत, कद 5 फुट 5 इंच, रंग सांवला, कपड़े नीले रंग के टीशर्ट, जीन्स पैंट, गले में गमछा पहने है। यदि किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में कोई सूचना मिलती है तो निम्न मोबाइल नंबर पर सूचित करें :

मोबाइल 8595902550। थानाध्यक्ष थाना जारचा गौतमबुद्ध नगर।
मोबाइल नं. 9454403385 कार्यालय थाना जारचा
मोबाल नं. 8273482095 जांच अधिकारी थाना जारचा

प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली जारचा, कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## 40 करोड़ जुर्माना दे रहे हैं गाजियाबाद वाले और ट्रैफिक नियम फॉलो नहीं कर रहे हैं पुलिस वाले

### हापुड़ चुंगी चौराहे पर कैमरे में कैद हुई नियम तोड़ने वाली तस्वीरें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 1 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक यातायात माह चलाया। इस यातायात माह के दौरान गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा 2 लाख 30 हजार से ज्यादा वाहनों के नियम तोड़ने को लेकर चालान किए गए हैं। तो लगभग 40 करोड़ रुपए का अलग-अलग नियम तोड़ने पर जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके बावजूद अभी दिसंबर माह के तीन दिन ही बीते हैं और लोगों ने नियम फिर जमकर तोड़ने शुरू कर दिए हैं। आम लोगों से लेकर खाकी वाले नियम तोड़ते देखे जा सकते हैं। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहे हापुड़ चुंगी पर रियलिटी टेस्ट किया जहां पुलिस वालों से लेकर नियम तोड़ने में आम लोग नजर आए। इनकी तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। एक तरफ गाजियाबाद के लोग 40 करोड़ रुपए का जुमार्ना नियम तोड़ने के मामले में पुलिस को चुका रहे हैं। तो नियम का पालन न करने के मामले में पुलिस वाले भी पीछे नहीं हैं।

### दोपहिया पर बैठ रहे हैं कई कई लोग और पुलिस वाले नहीं लगा रहे हेलमेट



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय में आने वाले पुलिसकर्मियों को हेलमेट की आदत डलवाने के लिए लंबे समय तक अभियान चलाया और पुलिस लाइन के गेट पर बाकायदा लिखवाया गया कि जो हेलमेट पहनेगा उसे ही प्रवेश मिलेगा। वहीं पुलिस ऑफिस में भी है सिलसिला लंबे समय तक चला। बावजूद इसके गाजियाबाद पुलिस के कर्मचारी नियम तोड़ने में पीछे नहीं हैं। हापुड़ चुंगी चौराहे पर कई तस्वीरें आई हैं। जिसमें लैपर्ड पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मी बिना हेलमेट चलते देखे गए हैं। तो नियम तोड़ते हुए भी उनकी तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों पर कई लोगों को बैठते हुए नजर आए। ऐसे वाहन चालक जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। तो वहीं हादसों को भी खुला न्यौता दें रहे हैं।



### लापरवाही हो रही है जानलेवा साबित



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात नियमों का पालन न करना और अनदेखी करना जानलेवा साबित हो रहा है। बीते करीब 15 दिनों में ही आठ लोगों की अलग–अलग सड़क हादसे में मौत हुई है। इसमें कहीं स्पीड तो कहीं यातायात नियमों की अनदेखी हादसे का कारण बनी है। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा लगभग 2 लाख 30 हजार लोगों के चालान किए गए हैं। उसके बावजूद भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। वहीं यातायात माह के दौरान ताबड़तोड़ कार्रवाई होने के बाद ही लोगों ने फिर वही पुराना ढर्रा अपना लिया है और वह नियम जमकर तोड़ रहे हैं।

## जन्मदिन पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का जबरदस्त जलवा दिया दिखाई पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने डिप्टी मेयर का मूमेंटो देकर दी उन्हें बधाई






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हैं और वो पहले भी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। जब वो पहली बार निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बने थे तो मित्रों की टोली ने प्यार से उन्हें बोलचाल की भाषा में डिप्टी मेयर का नाम दिया था। अब जब दूसरी बार की प्रक्रिया देखें तो यहां पर प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी बैठक के बाद जैसे ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुने गये। तो मेयर ने माईक लेकर ये कहा कि सब इस बात को स्पष्ट कर लें कि यह पद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है। इसे डिप्टी मेयर कहकर संबोधित ना करें।

उन्होंने इसे निगम की वैधानिकता से भी जोड़ा। मगर शहर गवाह है कि अगले दिन जब शहर में होर्डिंग लगे तो उसमें प्रवीण चौधरी के नाम के आगे निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तो लिखा था लेकिन इन होर्डिंग में विशेष रूप से ब्रेकिट में डिप्टी मेयर भी लिखा था।

अब निगम का एक्ट क्या कहता है ये अलग विषय है और जनता क्या कहती है ये अलग विषय है। अगर पुराने निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्षों को देखा जाये तो वो आज भी लिख रहे हैं। सरदार सिंह भाटी आज भी अपने नाम के आगे पूर्व डिप्टी मेयर लिखते हैं। सुनील यादव पूर्व डिप्टी मेयर लिखते हैं। दीपावली पर जब राजीव शर्मा के होर्डिंग बाजार में लगे तो उन पर उनके समर्थकों ने उन्हें डिप्टी मेयर ही लिखा था। सार ये है कि मेयर भले ही डिप्टी मेयर पद को लेकर माईक से सम्बोधित करें। सभी को बतायें कि ये कोई पद नहीं है और ये पद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है। लेकिन बड़ा सवाल तो ये है कि निगम के पार्षद क्या मानते हैं। जन्मदिन पर प्रवीण चौधरी का जलवा दिखा और कहानी में मोड तब आ गया जब पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रवीण चौधरी को डिप्टी मेयर वाला मोमेंटो देकर बधाई दी। इस पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष नहीं लिखा था। पार्षद पति पवन गौतम अपने हाथ में एक सम्मान प्रतीक लेकर पहुंचे। दूसरे हाथ में मिल्ककेक था और जब पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रवीण चौधरी के गले में माला डाली तो यहां ये मोमेंटो ये बताने के लिए काफी था कि पार्षदों की टोली ही डिप्टी मेयर वाली भाषा बोल रही है। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आये इस मोमेंटो में डिप्टी मेयर लिखा था। जन्मदिन पर पार्षदों ने एक तरीके से स्पष्ट ऐलान कर दिया कि हम निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष नहीं डिप्टी मेयर ही मानते हैं। कक्ष में ये पक्ष दिखाई भी दिया जब पार्षदों ने ये नारा लगाया कि डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं।

### जब प्रवीण चौधरी बोले नहीं करेंगे पार्षदों की अनदेखी को बर्दाश्त




करंट क्राइम। जन्मदिन का मौका था और प्रवीण चौधरी पूरी लय में थे। वो डिप्टी मेयर वाले अंदाज में थे और इस बार जनता नहीं समर्थक नहीं बल्कि निगम के पार्षद उन्हेंडिप्टी मेयर कहकर सम्बोधित कर रहे थे। बर्थडे पर ये लोकप्रियता का जलवा निगम में दिखाई दे रहा था। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि किसी भी पार्षद के साथ अधिकारियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्हेंाने कहा कि पार्षदों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया है। ये वक्तव्य मेयर कक्ष के ठीक पीछे बने कमरे में लिया जा रहा था। यहां पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और मौजूदा निगम पार्षद राजीव शर्मा भी साथ थे और पूर्व डिप्टी मेयर अपने साथी और वर्तमान डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी के साथ उपाध्यक्ष वाली कुर्सी के बराबर में थे। यहां पर प्रवीण चौधरी ने कहा कि अधिकारियों को सभी वार्डों में समानता के साथ विकास कार्य कराने होंगे। सबसे खास बात ये थी कि प्रवीण चौधरी के बर्थडे का केक केवल पार्षदों ने नहीं काटा। बल्कि निगम कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी केक काटा।

### जिनका था इंतजार उस चेहरे के नहीं हुए दीदार

करंट क्राइम। निगम में जन्मदिन का शोर था। पार्षदों का टोला उत्साह से सराबोर था। लेकिन यहां पर उस चेहरे के दीदार नहीं हुए। जिस चेहरे का इंतजार था। वहीं दूसरी तरफ डिप्टी मेयर वाले बर्थडे केक कटते रहे और ये केक बंटते रहे। कक्ष से ये संदेश एकदम स्पष्ट दिया गया था कि अगर कोई पूछे कि केक किस खुशी में है तो बता देना कि आज डिप्टी मेयर के बर्थडे है।

## खनन ठेकेदार को पीतल भरने की धमकी देने और फायरिंग करने वाले दो शूटर गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने निखिल उर्फ निक्की उर्फ शिवा और अरमान को किया गिरफ्तार, दोनों पर दर्ज हैं कुल 27 मुकदमे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार के अंक में दैनिक करंट क्राइम ने दिल्ली की जेल में बैठे कुख्यात बदमाश के साथियों द्वारा खनन ठेकेदार से रंगदारी मांगने के मामले का खुलासा किया था। जिस पर क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम ने एक्शन लेते हुए दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जो कुख्यात दीपक अगरौला गिरोह के सदस्य हैं।

इन्होंने खनन ठेकेदार से तीन लाख रुपए महीने की रंगदारी मांगी थी, साथ ही उसके मकान पर फायरिंग की। आरोप है कि यह फोन कॉल जेल से बैठकर की गई थी, इस मामले में गाजियाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने निखिल उर्फ निक्की उर्फ शिवा और अरमान को ताबड़तोड़ दबिश देकर गिरफ्तार किया है। दीपक अगरौला गैंग के निखिल पर लोनी, ट्रोनिका सिटी, खेकड़ा, शास्त्री पार्क दिल्ली, जाफराबाद फर्स्ट थाना में कुल 25 गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। तो अरमान पर शालीमार गार्डन और ट्रोनिका सिटी में एक-एक आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि यह बीते कई महीने से खनन ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहे हैं और कई लोगों ने इनको पैसे पहुंच भी डर के मारे पहुंचाने का काम किया है।

वैसे अब क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम सीपी के निर्देश पर इस गिरोह के पीछे लग गई बताई जा रही है।

### पुलिस ने .32 की पिस्टल, मैगजीन, आईफोन और गाड़ी बरामद की

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच की टीम ने निखिल उर्फ निक्की उर्फ शिवा व अरमान को गिरफ्तार कर .32 बोर की पिस्टल, मैगजीन, पांच कारतूस, एक तमंचा, आईफोन और स्विफ्ट गाड़ी बरामद की है। आरोप है कि इन्होंने जेल में बंद कुख्यात दीपक अगरौला के कहने पर फायरिंग की थी और खनन ठेकेदार से तीन लाख रूपये महीने और प्रति चक्कर गाड़ी के सात हजार रूपये रोज की डिमांड की थी। पैसा ना मिलने पर पीतल भरने की वीडियो कॉल पर धमकी दी गई थी। बताया जा रहा है कि लोनी क्षेत्र में इन दिनों कई खनन ठेकेदारों के पास दीपक अगरौला गैंग के फोन कॉल आ रहे हैं और वह इन लोगों से मोटी रकम देने की डिमांड करता है।

### जिला बदर होने के बावजूद भी लोनी क्षेत्र में एक्टिव था निखिल उर्फ निक्की उर्फ शिवा

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी निखिल उर्फ निक्की–शिवा एक शातिर अपराधी है। इसके खिलाफ लूट, चोरी, गैंगस्टर, डकैती, हत्या के प्रयास, रंगदारी के लगभग दो दर्जन से अधिक मामले दिल्ली, बागपत, गाजियाबाद में पंजीकृत हैं। इसे अक्टूबर माह में छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। पुलिस के दबाव में कुछ दिन तो यह बाहर रहा लेकिन बीते कई हफ्तों से यह पुलिस की आंख में धूल झोंक कर लोनी, ट्रोनिका सिटी और लोनी बॉर्डर इलाके के लोगों को धमका कर दीपक अगरौला गैंग के नाम पर रंगदारी लेने के साथ ही अवैध वसूली का धंधा भी चला रहा था। उधर पता चला है कि क्राइम ब्रांच की टीमें इस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में हैं। जिस पर जल्द ही क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम एडीसीपी पीयूष सिंह व इंस्पेक्टर अनिल राजपूत के साथ मिलकर बड़ा एक्शन ले सकती है।

## लोनी में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण की जिला समीक्षा बैठक हुई आयोजित



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में आज मतदाता गहन पुनरीक्षण की जिला समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, रक्ष्क पुनरीक्षण जिला संयोजक राजेंद्र वाल्मीकि, विधानसभा संयोजक कृष्ण बंसल, उपाध्यक्ष राम कुमार त्यागी, निर्वतमान जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल सहित सभासदगण,

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

## जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान और जुड़ गया पूर्व विधायक का मतदाता सूची में नाम

### सपा प्रवक्ता ने किया था भाजपा के पूर्व विधायक की पीड़ा को फेसबुक पर शेयर?


भाजपा के पूर्व विधायक का कट गया वोटर लिस्ट से ही नाम तब सपा के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने उठायी आवाज

चुनाव आयोग और प्रशासन आखिर किस बूते पर कर रहा है

मतदाता सूची से किस षड़यंत्र के तहत मेरा नाम हटा दिया गया :


जब कट गया भाजपा के पूर्व विधायक का वोट तो आम मतदाता का क्या होगा हाल :

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में इस अभियान की रफ्तार धीमी चल रही है। यहां पर रहने वाले भाजपा के ही पूर्व विधायक रूप चौधरी का नाम जब मतदाता सूची से गायब हो गया तो उन्होंने अपनी पीड़ा को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि मैं वर्तमान में इसी पते पर रहता हूं और मेरा ही नाम वोटर लिस्ट से गायब है।

पूर्व विधायक ने ये भी लिखा कि मेरा नाम किसी शडयंत्र के तहत काटा गया है। भाजपा के पूर्व विधायक का नाम वोटर लिस्ट से गायब हुआ और उन्होंने इसे फेसबुक पर पोस्ट किया। मगर वोटर लिस्ट की इस कहानी में ट्विस्ट ही तब आया जब भाजपा के पूर्व विधायक की पोस्ट को समाजवादी पार्टी के प्रदेश वक्ता राजकुमार भाटी ने सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के पूर्व विधायक का नाम वोटर लिस्ट से गायब हो गया है तो आम आदमी का हाल समझा जा सकता है। इसके बाद समाजवादी पार्टी से लेकर अन्य राजनीतिक दलों ने इस पूरे मामले को प्रमुखता से लिया।

इसके बाद इस पूरे मामले का जिला निर्वाचन अधिकारी यानी जिलाधिकारी गाजियाबाद ने संज्ञान लिया और फिर स्वयं एडीएम, एसडीएम ने पूर्व विधायक रूप चौधरी से सम्पर्क किया। इसके बाद फिर से मतदाता सूची में विधायक रूप चौधरी का नाम जोड़ा गया। भाजपा के पूर्व विधायक का नाम वोटर लिस्ट से कट गया। उन्होंने अपनी पीड़ा को फेसबुक पर साझा किया। ये भी एक गजब संयोग रहा कि भाजपा का कोई जनप्रतिनिधि अपने पूर्व विधायक का वोट बनवाने के लिए या उनकी आवाज उठाने के लिए आगे नहीं आया। यहां भी समाजवादी पार्टी आगे आई और समाजवादी पार्टी के स्टार प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने इस पूरे मामले को उठाया और फिर ये हुआ कि पूर्व विधायक रूप चौधरी का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ गया।

### जब हुआ वोटर लिस्ट में नाम ऐड तो पूर्व विधायक ने की श्रीमद् भागवत गीता भेंट



करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व विधायक रूप चौधरी का नाम वोटर लिस्ट से कट गया। उन्होंने इसे एक शडयंत्र बताया और फिर जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच कराई। एडीएम, एसडीएम ने पूर्व विधायक रूप चौधरी से सम्पर्क किया और उनकी वोट को फिर से जोड़ा गया। नायब तहसीलदार आलोक यादव और कानूनगो पूर्व विधायक रूप चौधरी के निवास पर फार्म लेकर आये और औपचारिकताएं पूर्ण कीं। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने कहा कि शडयंत्रकारी बीएलओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने अपने निवास पर आये दोनों अधिकारियों को श्रीमद् भागवत भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक ने जिन अन्य लोगों की वोट काटी गई है उनकी वोट भी जोड़ने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने इस प्रकरण में कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय सहित जिला प्रशासन, शुभचिंतकों और मीडिया का आभार व्यक्त किया। बस यहां पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार भाटी का आभार प्रकट नहीं किया। हालांकि उन्होंने भी जब इस मामले को उठाया था उसी के बाद इस पूरे मामले में टर्निंग प्वाईंट आया था।

## संपादकीय

# निजता पर बढ़ती आशंकाएँ

सरकार ने सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप अनिवार्य कर दिया है। इससे लोगों की निजता पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार का कहना है कि यह ऐप धोखाधड़ी रोकने में मदद करेगा। लेकिन, डेटा की सुरक्षा और उसके इस्तेमाल को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मौलिक अधिकार माना है। सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप इंस्टॉल करने के सरकारी आदेश को लेकर सबसे बड़ी चिंता गोपनीयता की हैं। चौतरफा विरोध के बाद केंद्र ने भले साफ किया हो कि इस ऐप को अपने फोन में रखना या डिलीट करना यूजर की मर्जी पर निर्भर करता है। लेकिन इससे चिंता का समाधान नहीं होता।

सरकार ने हाल में साइबर सिक्यॉरिटी से जुड़े दो आदेश दिए हैं। पिछले हफ्ते वट्सऐप, टेलिग्राम जैसे सभी कम्युनिकेशन ऐप्स से कहा गया कि वे अपनी सर्विस को सिम कार्ड से जोड़कर रखें यानी ऐप तभी चले, जब मोबाइल में सिम लगा हो। टेलिकम्युनिकेशन कंपनियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। लेकिन, इस बीच आदेश आया कि स्मार्टफोन कंपनियों को हर हाल में नए हैंडसेट में संचार साथी ऐप रखना होगा। प्राइवेसी का उल्लंघन यह आदेश उन सभी कंपनियों के लिए है, जिनके स्मार्टफोन भारत में बिकते हैं। सरकार का कहना है कि इस ऐप के जरिये डिजिटल स्कैम, फर्जी कॉल और दूसरी धोखाधड़ियों को रोकने में मदद मिलेगी। लेकिन, इसके साथ ही निजता के उल्लंघन की चिंता भी खड़ी होती है। कहीं यह ऐप यूजर्स के निजी जीवन में ताकझांक तो नहीं करेगा?

**मौलिक अधिकार** देश में निजता का अधिकार, मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 के अपने एक फैसले में साफ किया है कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता देने वाले संविधान के आर्टिकल 21 में राइट टू प्राइवेसी भी शामिल है। निजता के दायरे में मोबाइल, इंटरनेट और दूसरी डिजिटल जानकारी भी आती है। अगर मामला देश की सुरक्षा या कानून से जुड़ा नहीं है, तो यह हर नागरिक का हक है कि वह डिजिटल स्पेस में किसे एंट्री देता है और किसे नहीं। ऐप का काम क्या इसी तरह, साल 2018 में जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मोबाइल और निजी कंपनियां आधार कार्ड नहीं मांग सकती, और आधार को बैंक अकाउंट से लिंक करने का फैसला भी रद्द कर दिया था, तो उसे निजता के अधिकार की जीत माना गया। फिर, मौजूदा मामले में निजता के साथ सुरक्षा भी जुड़ी है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस ऐप का इस्तेमाल किस तरह होगा, यूजर का किस तरह का डेटा सरकार तक पहुंचेगा, उस डेटा को कहां स्टोर किया जाएगा और उसका कैसा इस्तेमाल होगा।

**डेटा की सुरक्षा** डिजिटल युग में डेटा सबसे कीमती है। बीते बरसों में याहू, फेसबुक, लिंक्डिन के सर्वर में सेंध लगाकर करोड़ों यूजर्स का डेटा हैक किया जा चुका है। सरकार ने इससे बचने के लिए क्या इंतजाम किए हैं? केंद्र को इन सारे सवालों के जवाब देने होंगे, खुद गोपनीयता की आड़ में बचने से काम नहीं चलेगा

# तंबाकू उत्पादों पर कर नहीं घटेगा

## सरकार लाई केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक



**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार इस बिल का प्रस्ताव इसलिए ला रही है, ताकि जीएसटी मुआवजा उपकर खत्म होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर कुल टैक्स का असर घटने न पाए। आइए विस्तार से जानते हैं इस विधेयक में क्या है खास।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा कि सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक लाने जा रही है, ताकि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर कुल कर भार कम न हो। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि कोविड-19 अवधि के दौरान राज्यों के राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए, लिए गए ऋण को केंद्र सरकार आने वाले कुछ हफ्तों में चुकता कर देगी।

सीतारमण ने 1 दिसंबर को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है।

### क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने से उन उत्पादों पर 40% जीएसटी और उत्पाद शुल्क लागू

क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद, तंबाकू और संबंधित उत्पादों की बिक्री पर 40 प्रतिशत जीएसटी और उत्पाद शुल्क लगेगा, जबकि पान मसाला पर 40 प्रतिशत जीएसटी और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा। वर्तमान में तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों पर 28% जीएसटी के साथ अलग-अलग दरों पर क्षतिपूर्ति सेस लगता है, जिसे अब नए ढांचे से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

### पहला विधेयक क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा

पहला विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है।

### विधेयक का उद्देश्य

इस विधेयक का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस खत्म होने के बाद भी इन उत्पादों पर कर बोझ को सुरक्षित रखना है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में स्पष्ट कहा गया है कि यह सरकार को तंबाकू और उसके उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाने की वित्तीय गुंजाइश देगा, ताकि कुल टैक्स भार में गिरावट न आए। इस नए ढांचे के तहत सिगरेट, सिगार और चिरूट पर 5,000 से11,000 प्रति 1,000 स्टिक की दर से उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। वहीं, बिना प्रसंस्कृत तंबाकू पर 60 से 70% और निकोटिन व इनहेलेशन आधारित उत्पादों पर 100% उत्पाद शुल्क का प्रावधान किया गया है। अभी सिगरेट पर 5% मूल्यानुसार क्षतिपूर्ति के अलावा लंबाई के आधार पर 2,076 से 3,668 प्रति 1,000 स्टिक तक का क्षतिपूर्ति सेस लगाया जाता है।

# आजादी से 90 रुपये तक: रुपये की गिरावट का सच और 1 डॉलर 1 रुपये की हकीकत






**नई दिल्ली।** जब देश आजाद हुआ था, तब एक रुपये की कीमत एक डॉलर के बराबर थी। जबकि एक डॉलर 90 रुपये के ऊपर पहुंच गया है, यह सवाल फिर उठ रहा है कि आखिर रुपये में इतनी गिरावट क्यों आई और इसकी शुरूआत कब हुई? बुधवार को आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू होने से पहले ही बाजार को जोरदार झटका लगा—भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले पहली बार 90 का स्तर पार कर गया। रुपये में पिछले आठ महीनों से लगातार कमजोरी का दौर जारी है और अब यह अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर 90.21 पर बंद हुआ।

तब :
1 पाउंड = 13.33 रुपये
और पाउंड की कीमत तब 4.03 डॉलर थी
इस हिसाब से आजादी के समय 1 डॉलर की कीमत लगभग 3.30 बैठती है।
अर्थात—कभी भी 1 डॉलर = 1 रुपया नहीं था।
1966 : रुपये की पहली बड़ी गिरावट
रुपये के इतिहास में सबसे बड़ा पहला झटका वर्ष 1966 में लगा।
उस समय विनिमय दर 4.76 प्रति डॉलर थी
अवमूल्यन के बाद यह घटकर 7.50 प्रति

## रुपये की गिरावट पर सरकार बेफिक्र

# महंगाई या निर्यात पर असर नहीं, अगले साल सुधार की उम्मीद-सीईए



**नई दिल्ली।** रुपये में गिरावट के बीच सीईए वी अनंत नागेश्वरन का कहना है कि सरकार को इस गिरावट की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपये में गिरावट से महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले साल तक सुधार की उम्मीद है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने बयान दिया है। गिरावट का सिलसिला जारी रखते हुए रुपया बुधवार को पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया, शुरूआती कारोबार में छह पैसे गिरकर 90.02 पर आ गया।

### सरकार रुपये में गिरावट को लेकर चिंतित नहीं

नागेश्वरन ने सीआईआई कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार रुपये में गिरावट को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपये में गिरावट से महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले वर्ष इसमें सुधार होगा।

### इस साल रुपये में अब तक पांच प्रतिशत की गिरावट आई

बता दें कि वर्ष 2025 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और बैंकों द्वारा डॉलर की निरंतर खरीद के बीच बुधवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 34 पैसे गिरकर 90.30 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनुपस्थिति ने स्थानीय इकाई पर और दबाव डाला।

# सेंसेक्स 85,106 पर बंद, निफ्टी 25,986 तक आया



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बुधवार को मामूल गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक गिरकर 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 46.20 अंक गिरकर 25,986.00 अंक पर आ गया। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और निवेशकों की मुनाफावसूली के बीच बुधवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते हुए गिरावट के साथ बंद हुए। लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 374.63 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 84,763.64 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.20 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,986 अंक पर आ गया।

### भारी गिरावट के साथ रुपया अपने निम्न स्तर पर पहुंचा

रुपया बुधवार को पहली बार 90 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया और 90.21 (अनंतिम) के नए सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 25 पैसे कम है। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स पैसेंजर बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे।

### एशियाई बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 63.07 डॉलर पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.99 प्रतिशत बढ़कर 63.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,642.30 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,645.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ सेंसेक्स 503.63 अंक या 0.59 प्रतिशत गिरकर 85,138.27 पर बंद हुआ। निफ्टी 143.55 अंक या 0.55 प्रतिशत गिरकर 26,032.20 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियां में सेब की इतनी प्रजातियाँ हैं कि अगर रोजाना एक सेब खाया जाए तो हर प्रकार का सेब खाने में 20 साल लगेंगे।
- एक शुतुरमुर्ग की आंखें उसके दिमाग से बड़ी होती हैं।
- स्त्रियों की कमीज के बटन बाएँ तरफ जबकि पुरुषों की कमीज के बटन दाएं तरफ होते हैं।
- घोड़े खड़े – खड़े भी सो सकते हैं, क्योंकि उनके पैर मजबूत होते हैं।
- मनुष्य के दिमाग में 80% पानी होता है।
- मनुष्य का खून 21 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।
- चमगादड़ हमेशा अपनी गुफा से निकलकर बाएँ तरफ ही मुड़ता है।
- ऊँट के दूध का दही नहीं बन सकता है।
- धरती के केंद्र का तापमान सूरज के तापमान के बराबर है।
- पसीने में किसी तरह की गंध नहीं होती, बल्कि गंध शारीर पर मौजूद बैक्टीरिया की वजह से होती है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। आत्मसंतुष्टि रहेगी। धन प्राप्ति के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृष:** फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट की आशंका है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**र्कक:** शारीरिक कष्ट का कारण किसी तरह की लापरवाही हो सकती है। समय ठीक नहीं है। कोई बड़ा व्यय अचानक सामने आ सकता है।

**सिंह:** सुख के साधन प्राप्त होंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। किसी लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। नए काम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या:** किसी सही बात का भी विरोध हो सकता है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी।

**तुला:** जीवनसाथी के बारे में चिंता रहेगी। किसी लंबी यात्रा की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृश्चिक:** कुसंगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी रखें। किसी भी तरह की बहस में हिस्सा न लें। भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**धनु:** किसी बात के बारे में अनहोनी की आशंका रहेगी। विवाद से क्लेश हो सकता है। शारीरिक कष्ट की आशंका है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मकर:** शत्रु नतमस्तक होंगे। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ:** कोई गलत निर्णय ले सकते हैं, सावधान रहें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग अध्ययन आदि में सफलता प्राप्त करेगा।

**मीन:** प्रेम-प्रसंग में सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

## चुटकुले

सोनू- शादी से पहले तो तुम कहती थी कि शादी के बाद मैं तुम्हें ढेर सारा प्यार करूंगी तो अब क्या हुआ?
रिंकी ने कहा- एक सच बताऊं क्या ?
सोनू- हां, जल्दी बताओ?
रिंकी- मुझे नहीं लगता था कि हमारी शादी हो ही जाएगी

सोनू (मोनू से)- यार ये रैगिंग किसे कहते हैं?
मोनू- ये जो तुम अपनी पत्नी को हर मैरिज एनिवर्सिरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर गिफ्ट देते हो ना उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं....

संजू- भाई, बीवी के मेकअप का खर्चा बर्दाश्त नहीं होता
बंटी- हां, तो खर्चा देना बंद कर दे
संजू- लेकिन फिर मेकअप के बिना बीवी बर्दाश्त नहीं होती!

## 04 12 2025 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'हरमनप्रीत की राय डब्ल्यूपीएल नीलामी में रही महत्वपूर्ण'



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस इस लीग की सबसे सफल टीम रही है। उसने 2023 में इसकी शुरूआत के बाद से दो बार खिताब जीता है।

मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच और मेंटर (मार्गदर्शक) झूलन गोस्वामी ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की हाल में हुई नीलामी के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर की सलाह के कारण ही टीम आक्रामक ऑलराउंडर अमेलिया केर और तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल जैसी खिलाड़ियों को अपने से जोड़ने में सफल रही।

मुंबई इंडियंस इस लीग की सबसे सफल टीम रही है। उसने 2023 में इसकी शुरूआत के बाद से दो बार खिताब जीता है।

नीलामी में हरमनप्रीत की भूमिका के बारे में झूलन ने जियो स्टार से कहा, 'कप्तान के रूप में नीलामी की योजना बनाते समय हरमन की सलाह हमेशा महत्वपूर्ण होती है। आखिरकार वह इस टीम का नेतृत्व करती हैं और अविश्वसनीय रूप से सफल रही हैं।'

उन्होंने कहा, 'पूरी नीलामी प्रक्रिया में उनकी राय सबसे महत्वपूर्ण रही है। हमारा काम मैदान के अंदर और बाहर उनका समर्थन करना है। नीलामी के दौरान उनकी उपस्थिति से बहुत बड़ा फायदा हुआ। उनकी राय बहुत मायने रखती थी और उन्होंने एक अच्छी टीम तैयार करने में मदद की।'

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स आज से शुरू

**दोहा।** भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। उन्होंने विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप में अपनी रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 12 में जगह बनाई है। इस साल अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष निशानेबाज गुरुवार से दोहा में शुरू होने वाले एलीट आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का शानदार समापन करना चाहेंगे। सत्र के आखिर में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें पेरिस ओलंपिक की दो कांस्य पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, विश्व चैंपियन सम्राट राणा और विश्व कप में कई पदक जीतने वाली विजेता सुरुचि सिंह शामिल हैं। भारत ने इससे पहले काहिरा (पिस्टल/राइफल) और एथेंस (शॉटगन) में विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके ओलंपिक और गैर ओलंपिक स्पधाओं में तीन स्वर्ण सहित 14 पदक जीते। अब वे विश्व कप फाइनल में इस सफलता को दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता को क्रमश: 5,000, 4,000 और 2,000 यूरो की आकर्षक पुरस्कार राशि मिलेगी।

# रांची वनडे के बाद ड्रामा: कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के कोच से नहीं मिलाया हाथ? 'ग्रोवेल' विवाद फिर सुर्खियों में

**रांची।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच शुकरी कोनराड की बयानबाजी ने भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के बीच अचानक बड़ी बहस खड़ी कर दी थी। कोनराड ने गुवाहाटी टेस्ट मैच के चौथे दिन कहा कि उनकी टीम का इरादा था कि भारत ग्रोवेल करे। क्रिकेट में यह शब्द सामान्य रणनीतिक बयान जैसा लग सकता है, लेकिन इसके पीछे एक गहरा नस्लीय इतिहास और सांस्कृतिक अपमान जुड़ा है, जिसकी वजह से यह टिप्पणी विवादों में आ गई। अब रांची वनडे के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विराट कोहली कोनराड को सबक सिखाते दिख रहे हैं।

वीडियो में मैच खत्म होने के बाद जब भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों और स्टाफ से हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ती है तो विराट के सामने कोनराड आते हैं। कोनराड हाथ मिलाने के लिए हाथ आगे बढ़ाते हैं,



**वीडियो के वायरल होने के बाद फैंस उस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। ग्रोवेल शब्द का इस्तेमाल दक्षिण अफ्रीका के कोच कोनराड ने गुवाहाटी टेस्ट के दौरान किया था। इस पर खूब विवाद हुआ था। गावस्कर से लेकर कुंबले और स्टेन ने इस पर प्रतिक्रिया दी थी। अब रांची वनडे के बाद यह विवाद फिर सुर्खियों में है।**

लेकिन विराट उन्हें इग्नोर कर उनके पीछे आ रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी से हाथ मिलाते हैं। फैंस इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। उनका कहना है कि विराट ने भारतीय टीम का अपमान करने वाले कोनराड क अच्छा सबक चखाया और उनके ही अंदाज में जवाब दिया। दूसरे फैन ने लिखा, 'ग्रोवेल ट्रीटमेंट'। एक और फैन ने लिखा, 'कोहली के रहते उनके देश का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता।'

**पहले वनडे मैच में क्या हुआ?**

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 135 रन की पारी खेली, जबकि रोहित शर्मा ने 51 गेंदों में 57 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत खराब रही और उन्होंने 11 रन पर तीन विकेट खो दिए। हालांकि, पुछल्ले बल्लेबाजों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन बनाने में कामयाब रही, लेकिन 17 रन से मैच हार गई। मार्को यानसेन ने 39 गेंद पर 70 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कॉर्बिन बॉश ने 51 गेंद में 67 रन बनाए। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार और हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह को दो विकेट मिले।

# टेस्ट क्रिकेट को एक शैली तक सीमित रखने के खिलाफ ट्रॉट



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के मौजूदा मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने टेस्ट क्रिकेट में विविधता का समर्थन किया है। उन्होंने साथ ही भारत में स्पिनरों की मददगार पिच को लेकर भी सहमति जताई है।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज और अफगानिस्तान के मौजूदा मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट टेस्ट क्रिकेट को एक शैली तक सीमित रखने के खिलाफ हैं। ट्रॉट का मानना है कि इसे एक शैल तक सीमित नहीं रखना चाहिए क्योंकि इस प्रारूप की ताकत इसकी विविधता है। ट्रॉट ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में अलग-अलग शैली इस प्रारूप के लिए अच्छी साबित हो रही हैं।

**ट्रॉट ने भारत-इंग्लैंड सीरीज का किया जिक्र**

ट्रॉट ने इस साल इंग्लैंड में भारत के 2-2 से टेस्ट सीरीज ड्रॉ का जिक्र करते हुए कहा, आपने इस सीरीज में अलग तरह की शैली देखी। जिस तरह से भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। आप उनके और बेन स्टोक्स के दृष्टिकोण में अंतर देख सकते हैं।

यह मत भूलिए कि एक समय था जब हम सोचते थे कि टेस्ट क्रिकेट उबाऊ है क्योंकि इसमें बहुत अधिक मैच ड्रॉ होते हैं। अब हम कह रहे हैं कि टेस्ट क्रिकेट की अवधि कम हो गई है और इसमें बहुत सारी जीत और हार होती हैं। इसलिए हमें इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होगी।

# शुभमन गिल ने सीओई में शुरू किया रिहैब

## 5 दिसम्बर को देंगे फाइनल टेस्ट | टी20 सीरीज के लिए मिलेगा मौका



**भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज शुभमन गिल चोट से उबर रहे हैं और वापसी की राह पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में हालांकि, उनका खेलना तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि वह सीरीज के कुछ मैच में हिस्सा ले सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने बंगलूरू स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब शुरू कर दिया है। गिल का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर करता है क्योंकि वह अभी गर्दन की चोट से उबर रहे हैं। गिल ने हल्का बल्लेबाजी अभ्यास किया और उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई है। अगले कुछ दिन वह कठिन ट्रेनिंग करेंगे और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पांच दिसंबर को वह फाइनल टेस्ट देंगे जिससे यह पता चलेगा कि वह टी20 सीरीज में खेलने के लिए फिट हैं या नहीं।

**कोलकाता टेस्ट में गिल को लगी थी चोट :** गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे।

गिल की फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ आशावादी है, लेकिन सावधानी भी बरत रहा है। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका फिट होना काफी महत्वपूर्ण है। माना जा रहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बुधवार को टीम घोषित हो सकती है। गिल का इस सीरीज में खेलना तय नहीं है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वह इसमें हिस्सा ही नहीं ले सकते। इस बात की भी संभावना है कि वह आखिरी दो या तीन मैच खेलें, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि सीओई में उनकी चोट का आकलन कर रहे विशेषज्ञों की क्या राय रहती है।

**पांड्या की वापसी संभव**

भारतीय टीम के अनुभवी ऑलरआउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं।

चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे।

**टी20 सीरीज का कार्यक्रम**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज की शुरूआत नौ दिसंबर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसंबर को धर्मशाला, 17 दिसंबर को लखनऊ और 19 दिसंबर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी।

# पुराने रंग में नजर आ रहे कोहली, 13वीं बार लगातार तीन मैचों में बनाया 50+ स्कोर, रोहित-सचिन पीछे



**रायपुर।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में जमकर रन बना रहे हैं और ऐसा ही कुछ रायपुर में भी देखने मिला।

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में भी दमदार प्रदर्शन किया और 2027 वनडे विश्व कप के लिए दावा मजबूत कर दिया है। कोहली ने पहले मैच में शतक लगाया था और अब रायपुर वनडे में भी शानदार सैकड़ा जड़ा। कोहली का साथ इस दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने निभाया।

## दक्षिण अफ्रीका ने जीता टॉस

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम ने इस सीरीज में लगातार दूसरा और ओवरऑल वनडे में लगातार 20वां टॉस गंवाया। भारतीय टीम का 19 नवंबर 2023 से बदकिस्मती का सिलसिला जारी है। अहमदाबाद में हुए 2023 वनडे विश्व कप फाइनल से लेकर अब तक, भारत लगातार 20 टॉस गंवा चुका है। गणित के मुताबिक, लगातार 20 टॉस हारने की संभावना बेहद कम होती है, लगभग 10 लाख में सिर्फ एक बार (1,048,576 में 1)। यानी इसकी संभावना 0.00000095 प्रतिशत के बराबर होती है।

## रोहित-यशस्वी सस्ते में आउट

पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने भारत को सधी हुई शुरूआत दिलाई थी, लेकिन ये दोनों अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। भारतीय टीम को रोहित शर्मा के रूप में पहला झटका लगा रोहित नांद्रे बर्गर की गेंद पर विकेट के पीछे डिकॉक को कैच थमा बैठे। दक्षिण अफ्रीका ने रिव्यू लिया और रिप्ले में दिखा कि गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर डिकॉक के हाथों में गई। इस तरह रोहित की पारी का अंत हुआ। रोहित आठ गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुए। 38 गेंद खेलकर उन्होंने 22 रन बनाए और मार्को यानसेन की गेंद पर कॉर्बिन बॉश को कैच थमा बैठे।

## कोहली-गायकवाड़ की शानदार साझेदारी

दो विकेट गिरने के बाद कोहली और गायकवाड़ ने शानदार साझेदारी कर भारत की पारी को संभाला। कोहली ने इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरा 50+ स्कोर बनाया। वहीं, लगातार तीसरे मैच में उन्होंने 50+ स्कोर बनाया। इससे पहले कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में नाबाद 74 रन बनाए थे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 135 रन की पारी खेली थी।

# इस भारतीय तेज गेंदबाज पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप, चेतावनी और डिमेरिट पॉइंट मिला



**रांची।** हर्षित का यह पिछले 24 महीनों में पहला अपराध था, इसी वजह से उनपर जुमार्ना नहीं लगा और डिमेरिट पॉइंट देकर छोड़ दिया गया। हर्षित ने ब्रेविस को इशारा किया था, जिससे उन पर आईसीसी ने कारार्वाई की।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रांची में खेले गए पहले वनडे मैच में भले ही टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 रनों से जीत दर्ज की हो, लेकिन इसी मुकाबले के बाद भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर आईसीसी ने कार्रवाई की है। राणा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए चेतावनी दी गई है और उनके नाम पर एक डिमेरिट पॉइंट दर्ज किया गया है।

**घटना कब और कैसे हुई?**

यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर में हुई, जब हर्षित राणा ने युवा बल्लेबाज डिवाल्ड ब्रेविस को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। आउट करने के बाद हर्षित ने ब्रेविस की ओर देखते हुए कथित रूप से ड्रेसिंग रूम की दिशा में इशारा किया, जो आईसीसी के अनुसार खिलाड़ियों को भड़काने वाला संकेत माना जा सकता है। आईसीसी ने इस व्यवहार को आचार संहिता की धारा 2.5 का उल्लंघन बताया।

आईसीसी ने वजह बताते हुए लिखा है, 'हर्षित ने ऐसी भाषा, इशारे या हरकतें कीं, जिनका उद्देश्य बल्लेबाज को अपमानित करना या आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसाना हो।'

**पहला अपराध, हर्षित को फैसला मंजूर:** यह हर्षित राणा का पिछले 24 महीनों में पहला अपराध था, इसलिए मामला जुमार्ने तक नहीं पहुंचा और सिर्फ चेतावनी और एक डिमेरिट पॉइंट देकर छोड़ दिया गया। राणा ने अपना दोष स्वीकार कर मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा मान ली, जिसके कारण औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**मैच में भारत की जीत और कोहली की चमक:** मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। इस जीत में विराट कोहली की शानदार शतकीय पारी अहम रही।

अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार को रायपुर में खेला जा रहा है, जहां भारत बढ़त हासिल कर सीरीज पर कब्जा करने की कोशिश करेगा।

# वनडे में बदकिस्मती का सिलसिला जारी! 2023 विश्वकप फाइनल से अब तक लगातार 20 टॉस हार चुका भारत



**कप्तान केएल राहुल टॉस हारने पर निराश दिखे, क्योंकि भारत ने वनडे में लगातार 20वीं बार टॉस गंवा दिया और रायपुर में एक बार फिर तेम्बा बावुमा को किस्मत का साथ मिला।**

**रायपुर।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में खेला जा रहा है। इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी केएल राहुल कर रहे हैं, लेकिन टॉस में किस्मत नहीं सुधरी है। भारतीय टीम ने इस सीरीज में लगातार दूसरा और ओवरऑल वनडे में लगातार 20वां टॉस गंवाया। भारतीय टीम का 19 नवंबर 2023 से बदकिस्मती का सिलसिला जारी है। अहमदाबाद में हुए 2023 वनडे विश्व कप फाइनल से लेकर अब तक, भारत लगातार 20 टॉस गंवा चुका है।

गणित के मुताबिक, लगातार 20 टॉस हारने की संभावना बेहद कम होती है, लगभग 10 लाख में सिर्फ एक बार (1,048,576 में 1)। यानी इसकी संभावना 0.00000095 प्रतिशत के बराबर होती है।

**टॉस हारने का ज्यादा नुकसान नहीं:** हालांकि, इस दौरान भारत को लगातार टॉस हारने से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। 2023 वनडे विश्व कप फाइनल से लेकर अब तक भारत 19 पूरे हुए हुए वनडे मैचों में से 63 प्रतिशत वनडे मैच जीते हैं। यानी पिछले जिन लगातार 19 मैचों में भारत ने टॉस गंवाए, उनमें से 12 मैचों को अपने नाम किया। सिर्फ छह मुकाबलों में हार मिली और एक टाई रहा। यानी टॉस गंवाने का भारत को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। इस दौरान भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का भी खिताब जीता।

**2023 में जीता था पिछला टॉस**

भारत ने वनडे में पिछला टॉस 15 नवंबर 2023 को जीता था। तब भारतीय टीम का सामना 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हुआ था। राहुल किस्मत में बदलाव की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने सिक्का उछाला और बावुमा ने कॉल किया, किस्मत ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका का साथ दिया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जैसा कि उन्होंने रांची में भी किया था।

**राहुल ने टॉस हारने पर कही यह बात:** टॉस के समय मौजूद रवि शास्त्री ने जब राहुल से टॉस में भारत की बदकिस्मती के बारे में पूछा, तो भारतीय कप्तान ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ा दबाव टॉस जीतना था और वह मैच से पहले इसका अभ्यास कर रहे थे। हमने लंबे समय से कोई मैच नहीं जीता है, इसलिए मैं सिक्का उछालने का अभ्यास कर रहा हूं, लेकिन साफ है कि यह अभी भी काम नहीं कर रहा है।' **द. अफ्रीका की प्लेइंग-11 में तीन बदलाव:** टॉस जीतने के बाद कप्तान बावुमा ने कहा कि उनकी प्लेइंग-11 में तीन बदलाव हैं। बावुमा की वापसी हुई है। वहीं, उनके अलावा लुंगी एनगिडी और केशव महाराज को मौका मिला है। वहीं, भारतीय कप्तान केएल राहुल ने कहा कि उनकी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं है।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत:** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**दक्षिण अफ्रीका:** क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम, तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मैथ्यू ब्रिट्जके, टोनी डी जॉर्जी, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, नांद्रे बर्गर, लुंगी एनगिडी।

# रांची के बाद रायपुर में भी सुरक्षा में सेंध, मैच के दौरान विराट के करीब पहुंचा प्रशंसक; छुए पैर

**रायपुर।** रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे मैच में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजामों पर सवाल खड़े हो गए हैं। ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान एक प्रशंसक विराट कोहली के करीब पहुंच गया और उसने उनके पैर छुए। हालांकि, तभी मैदानकर्मी मौके पर पहुंचे और उसे बाहर लेकर गए।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे वनडे में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बार फिर धमाकेदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीता है। उन्होंने 90 गेंदों में अपने वनडे करियर का 53वां शतक जड़ा। इस मैच में भी स्टेडियम की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए। दरअसल, ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान एक प्रशंसक किंग कोहली के करीब पहुंचा और उनके पैर छुए। ऐसा ही रांची वनडे में भी देखने को मिला था।


## रांची में भी कोहली के करीब पहुंच गया था प्रशंसक

यह पहला मौका नहीं है जब स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। इससे पहले रांची में खेले गए पहले मुकाबले में भी एक प्रशंसक विराट कोहली के करीब पहुंच गया था। उस मैच में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 135 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। यह उनके वनडे करियर का 52वां शतक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 83वां शतक था।



**रांची में कोहली ने रचा था इतिहास**

कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे, लेकिन अब कोहली उनसे आगे निकल गए हैं। कोहली 294 पारियों में इस उपलब्धि पर पहुंचे हैं। कोहली वनडे प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं। सचिन के नाम वनडे में 49 शतक हैं।





# गाजियाबाद में गृहकर सुधार अभियान शुरू महापौर ने कराया सूचना पत्र वितरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम में गृहकर निर्धारण को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। महापौर सुनीता दयाल ने शहर में सूचना पत्र वितरण अभियान की शुरूआत कर दी है।

उनका कहना है कि शहर के सभी भवनों पर सही गृहकर लगाने से नगर निगम की आय बढ़ेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। महापौर ने नगर आयुक्त और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एक विस्तृत सार्वजनिक सूचना पत्र तैयार कराया है। इस पत्र का वितरण स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से भवन स्वामियों को अपने भवन की सही जानकारी नगर निगम को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि सही गृहकर लगवाना नागरिकों की ज़िम्मेदारी है और शहर के विकास के लिए यह बेहद आवश्यक कदम है। उन्होंने सभी शहरवासियों से सहयोग करने की अपील की है ताकि निगम की आय में बढ़ोतरी हो और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### सूचना पत्र में नागरिकों से की गई है अपील

- निगम की वेबसाइट से सेल्फ असेसमेंट फॉर्म डाउनलोड करें,
- अपने भवन की पैमाइश, दस्तावेजों की प्रतिलिपि, भवन की फोटो, तथा यह विवरण उपलब्ध कराएं कि भवन आवासीय, व्यावसायिक या मिश्रित उपयोग वाला है।
- सभी विवरण नगर निगम मुख्यालय में जमा कराएं, ताकि सही गृहकर निर्धारित किया जा सके।

# सिटी जोन में 10 शातिर अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट
## पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर डीसीपी ने लिया एक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। तो उनके खिलाफ अभियान चलाकर नकेल भी कसी जा रही है। इसी के तहत पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने सिटी जोन के थाना नंदग्राम और विजय नगर थानाक्षेत्र के अलग-अलग मामलों में शामिल 10 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने का काम किया गया है। साथ ही उनके क्राइम रिकॉर्ड को भी अपडेट करने का काम किया गया है। इस मामले में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल का कहना है कि यह सभी चोरी, धोखाधड़ी और 420 के मामलों के आरोपी हैं।




### इन पर लिया गया है एक्शन



**करंट क्राइम :** थाना नंदग्राम के सुमित त्यागी, रवि शर्मा और अनुज चौधरी का नाम शामिल है। तो वहीं विजयनगर थानाक्षेत्र निवासी चेतन यादव उर्फ हैप्पी, अली जान, प्रियम यादव, अंशु, विकास, उत्तम और अमरजीत का नाम शामिल है। इन 10 आरोपियों पर कुल 50 अलग-अलग अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। साथ ही उनके गैंग से जुड़े लोगों की कार्रवाई के लिए लिस्ट तैयारी की जा रही है। डीसीपी धवल जयसवाल ने कहा है कि यह अपराध नियंत्रण और बदमाशों पर अंकुश लगाने के तहत की जा रही कार्रवाई है।

# जलकल विभाग की समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त हुए सख्त
## वर्क ऑर्डर के बाद भी काम न करने वाली फर्मों पर होगी कार्रवाई




### 75 करोड़ के कार्यों की समीक्षा की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में जलकल विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पानी और सीवर से जुड़े चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने धीमी गति से काम करने वाली फर्मों पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि वर्क ऑर्डर होने के बाद भी काम शुरू न करने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। इंदिरापुरम, विजयनगर, नंदग्राम समेत कई इलाकों में सीवर व पानी की लाइनों के गैप को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। नगर आयुक्त ने आदेश दिया कि सभी प्रभावित क्षेत्रों का एक सप्ताह में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि शहरवासियों को जल व सीवर समस्या से राहत मिल सके।

निगम सीमा में लगभग 75 करोड़ रुपये के कार्य तेजी से कराए जाएंगे, जिनमें मलिन बस्तियों व वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाने और सीवर समाधान के प्रोजेक्ट शामिल हैं। वसुंधरा व इंदिरापुरम में उहफ के माध्यम से जल आपूर्ति की मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

नगर आयुक्त ने हिंडन नदी की सफाई, नालों के ट्रीटमेंट और बायो- प्रोजेक्ट को भी गति देने को कहा है। किसी भी तरह की लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# डीएम मेधा रूपम ने की स्वास्थ्य संस्थानों की समीक्षा
## अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



नोएडा (करंट क्राइम)। गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासाउंड समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने समिति को जिले में संचालित अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा हाल ही में किए गए निरीक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उक्त जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केन्द्र निर्धारित नियमों तथा पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




### फिर रिपीट हुआ ड्रिंक वाला सीन और फिर करानी पड़ी वीडियो डिलीट

शादियों का सीजन चल रहा है और कसम से इस मोबाइल क्रान्ति ने जीवन की शांति ही भंग कर दी है। इन वीडियो बनाने वालों ने तो खून पी लिया है और पीने वालों का पीना दुश्वार कर दिया है। उन्हें पता भी नहीं होता और जहां देखो वहीं वीडियो बन रही है। नदिया पार वालों का किस्सा अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब नदिया के इस पार वालों का किस्सा सामने आ गया। ओकेजन एंजॉय का था और यहां फ्रेम में एक भगवा पार्षद थे एक मंत्री जी के प्रतिनिधि थे, एक लोहा व्यापारी थे और कुछ ऐसे वैसे भी थे। कुलमिलाकर सीन ये था कि कुछ के हाथ में गिलास थ और कुछ के हाथ में नहीं था। इन भोले भाले लोगों को पता ही नहीं चला कि पिलखुवा वाले ने कब वीडियो बना ली और जुल्म तो तब हुआ जब उसने लगे हाथ ये वीडियो वायरल भी कर दी। पार्षद ने तत्काल देख लिया और उसने बाकी साथियों को इन्फार्म किया। इन्फार्मेशन मिलते ही सारे साथी टेंशन में आ गये और पिलखुवा वाले को पकड़ लिया। पहले तो लताड़ लगाई और फिर उससे वीडियो डिलीट कराई। पूरा मोबाईल चैक किया कि कहीं कोई गिलास वाला सीन कहीं रह तो नहीं गया। बाकी सारे लोग भी सजग रहे क्योंकि जमाना वीडियो का है।

### पूर्व पार्षद दुख ना जताये और पार्षद पति शोक सभा में आकर बैठ जाये

सवाल लहजों का है और सवाल सदभावनाओं का है। सवाल श्रद्धा के फूलों का है और कुछ ऐसा हुआ कि फूल वाले भी कह रहे हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। बीते दिनों उन पार्षद का निधन हो गया जिनके लड्डुओं में फंफूदी लगी थी। पार्षदों ने तय किया कि शोक सभा तो होनी चाहिए। अब शोक सभा में तो कोई भी आ सकता है मगर कुछ ऐसा हो गया कि पार्षदों को भी हैरानी हुई। पार्षद पति आकर बैठ गये और मृतक की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। लेकिन जब दो बार पार्षद रह चुके और वर्तमान में पूर्व पार्षद कैला भट्टा से आकर बैठे तो उन्हें देखते ही बड़ी चेयर से ये सवाल आया कि आप यहां कैसे? सुना है कि फिर डिप्टी वाले वकील साहब ने इशारों ही इशारों में समझाया। फिर इसके बाद पार्षदों ने चर्चा की कि हमें तो उनका ये लहजा और ये सवाल ही समझ नहीं आया। दुख तो कोई भी जता सकता है और श्रद्धा के फूल तो कोई भी चढ़ा सकता है।

### सारे मिलकर लगा रहे हैं जोर, वो चुनाव लड़ने के लिए वार्ड देख लें कोई और

पहली बार लहर में जीत मिली और मौहल्ला प्रधानों ने एक्टिविटी का कहर ही ढहा दिया। किसी ने बाजार में बुल्डोजर मंगवा लिया तो किसी ने मकान तुड़वाने के लिए जेसीबी मंगा ली। पता नहीं संगठन के पास कोई रिपोर्ट जाती है या नहीं जाती है। लेकिन मौहल्ले की रिपोर्ट ये है कि विरोध का बिगुल फ्लावर कैंप से बजेगा। यहां पर सितम ये हुआ है कि बसपाई से लेकर सपाई तक अब सारे भाजपाई हो गये हैं। भगवा होने के बाद अब ये सारे मिलकर मौहल्ला प्रधान को ही दफान करने की तैयारी में है। वो कई जगहों पर माथा टेक आये हैं और सुना है कि पूरी फाईल तैयार कर ली है। वो सारे मिलकर इस बात पर जोर लगा रहे हैं कि यहां से तो हम तुम्हें लड़ने नहीं देंगे और तुम चाहो तो दूसरा वार्ड देख लो। यहां तो हम जीत वाला सीन एकदम हार्ड कर देंगे इस बार।

# कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से
























गाजियाबाद करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का जन्मदिन निगम पार्षदों, उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। जन्मदिन की धूम निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के आवास से लेकर निगम मुख्यालय में उनके कक्ष तक दिखाई दी। सभी ने उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी।




### सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं एक थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं। कुछ इन दिनों लाइन में हैं, तो कुछ फाइन वाले चार्ज पर हैं। कुछ इन दिनों कार्रवाई वाला करंट भी झेल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक बेहद गंभीर मामले में इन दिनों सस्पेंड चल रहे एक थ्री-स्टार आजकल सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय दे रहे हैं। सुनने में आया है कि कभी वह स्टेट्स लगाते हैं, तो कभी प्रोफाइल फोटो भी बदल रहे हैं। तो कभी वह पुरानी बीते हुए दिनों की तस्वीर भी साझा कर देते हैं। अब कहने वाले कह रहे हैं कि जब मामला ट्रैक से आउट चल रहा है, तो वह टाइम पास वाला आनंद ले रहे हैं। पर चर्चा इस बात की हो रही है कि अभी उनपर जो दंड दिया गया था, वह खत्म नहीं हुआ है और असर भी लंबे नजर आ रहे हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोशल मीडिया पर पुलिस की एक्टिंवनेस कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसमें कई गजेटेड अधिकारी भी शामिल हैं। वहीं सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा सोशल मीडिया से खाकी वालों को दूर रहने का निर्देश शायद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू नहीं हो रहा है। तभी तो अबतक यहां किसी पर ना तो कोई एक्शन लिया गया और ना ही कोई अटेंशन देखी गई है।



उधर इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों के नवीनीकरण और बड़े खाने का कार्यक्रम जोरों पर जारी है। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नदिया पार के दूसरे प्रमुख थाने में बुधवार की रात आयोजन हुआ है। दिन में हवन पूजन और सजावट की गई, तो रात को थाना रोशनी से जगमगा उठा। अधिकारियों की मौजूदगी रही, तो वहीं चर्चा हो रही है कि अब सिटी और देहात के किस थाने में जल्द ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वैसे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में सिटी के एक थाने में दावत वाला सीन बन सकता है। अब देखना होगा थ्री-स्टारों में से कौन इसके लिए आगे आता है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थानों में इन दिनों नंबर दो की पोजीशन पर काम संभालने वाले कई थ्री-स्टार खुद को राइट प्लेस न मिलने की वजह से थोड़े डिप्रेश चल रहे हैं। वहीं सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लखनऊ से आने वाली एसीपी लिस्ट के बाद कुछ फेस इधर से उधर और कुछ आउट ऑफ कमिश्नरेट भी होंगे। देखना होगा कि लखनऊ वाली लिस्ट कब आती है और इसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर कितना टविस्ट् देखने को मिलता है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# लोनी में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण की जिला समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## भाजपा पश्चिमी यूपी अध्यक्ष सतेंद्र शिसोदिया ने कार्यकर्ताओं को कहा, युद्ध स्तर पर करें कार्य

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर के आवास पर पहुंचने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिसोदिया का किया गया भव्य स्वागत







**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में आज मतदाता गहन पुनरीक्षण की जिला समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, रक्फ़पुनरीक्षण जिला संयोजक राजेंद्र वाल्मीकि, विधानसभा संयोजक कृष्ण बंसल, उपाध्यक्ष राम कुमार त्यागी, निर्वतमान जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल सहित सभासदगण, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में बूथ स्तर पर चल रहे एसआईआर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा संगठनात्मक समन्वय को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। सभी पदाधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से दायित्व निभाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने कहा एसआईआर गहन पुनरीक्षण भाजपा संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हमारा प्रयास है कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी विधानसभा में मतदाता सूची का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण हमारा लक्ष्य है। हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी, मोर्चों से अपील है कि बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं को पंजीकरण में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। लोकतंत्र को मजबूत करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह भाजपा संगठन अनुशासन और कार्यसंस्कृति के लिए जाना जाता है। एसआईआर अभियान में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित हो।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन सेवाओं के लिए मुकेश शुक्ला को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया

## विश्व दिव्यांगजन दिवस पर लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में सम्मान



**लखनऊ।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यभर में दिव्यांगजन की बेहतरी के लिए विशेष कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इसी क्रम में स्पेशल ओलंपिक भारत झ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला को दिव्यांगजन के विभिन्न कार्यों में सर्वोच्च व्यक्तित्वह्न के रूप में राज्य पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित समारोह में दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें समाज में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास दिलाना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों—खेल, कला, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समावेशन—में दिव्यांगजन की भागीदारी को बढ़ावा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुकेश शुक्ला ने इस सम्मान को राज्यभर की दिव्यांगजन सेवा संस्थाओं, स्पेशल ओलंपिक भारत, और उन हजारों दिव्यांग प्रतिभाओं को समर्पित किया जिनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी दिव्यांग बच्चों और युवाओं के लिए है जो अपनी सीमाओं से ऊपर उठकर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने हमें जो विश्वास दिया है, वह हमें और बड़े स्तर पर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में स्पेशल ओलंपिक भारत, उत्तर प्रदेश की टीम राज्य के हर जिले में अधिक प्रभावी कार्यक्रम चलाकर खेल, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्रों में नई पहलें करेगी।

कार्यक्रम के अंत में मुकेश शुक्ला ने अपना पुरस्कार माता-पिता और स्पेशल ओलंपिक परिवार को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और व्यापक सामाजिक कार्य करने की ऊर्जा देगा।

# निगम उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी को वीरेंद्र सारस्वत ने दी जन्मदिन की बधाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारी क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने निगम उपाध्यक्ष और पार्षद प्रवीण चौधरी को उनके जन्मदिन पर बुके देकर और केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा प्रवीण चौधरी एक मिलन सार और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी है। प्रवीण चौधरी समाज के साथ-साथ राजनगर में भी विकास कार्य को लेकर मुखर रहते हैं ऐसी विभूति को भगवान दीघार्यु प्रदान करें और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# एसआईआर अभियान को गति देने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बीएलओ को दिए दिशा-निर्देश



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के एसआईआर अभियान को गति प्रदान करने और घर-घर से अधिकतम एसआईआर फार्म बीएलओ के पास पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बीएलए-2 टीम को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए अभियान की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया कि आने वाले दिनों में यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का प्रतीक बनेगा।

मयंक गोयल ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र का महाभियान है—हर नागरिक की सहभागिता ही इसकी सफलता का आधार है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता को जागरूक करें और उनसे फार्म भरवाने में सहयोग करें। यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रहित का कार्य है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा—अपने घर के एसआईआर फार्म अवश्य भरें और बीएलओ को जमा करें। ऐसा कर आप लोकतंत्र के सच्चे सेनानी कहलाएंगे, क्योंकि आपकी भागीदारी व्यवस्था को मजबूत बनाती है।

अभियान से जुड़ी आगे की जानकारी देते हुए भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि आने वाले दिनों में बीएलए-2 सहित सभी संगठनात्मक इकाइयों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित होंगी। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक मॉनिटरिंग, फार्म वितरण, संग्रहण और बीएलओ सहयोग की प्रणाली के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे अभियान की गति और प्रभावशीलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि टीम भावना, धरातली प्रयास और जनता की सक्रियता—इन तीनों के संयुक्त प्रयास से एसआईआर मिशन की सफलता सुनिश्चित होगी। भाजपा संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जनता की सहभागिता से एसआईआर अभियान गाज़ियाबाद में मॉडल परियोजना सिद्ध होगा। बैठक के दौरान अभियान के महानगर संयोजक सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदीप चौधरी, अमित रंजन, बलराम रावल, संदीप चौधरी, पंकज भारद्वाज, कुलदीप कसाना, सोनू भाटी, राम त्यागी, उत्तम कुमार, अक्षय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक तथा पूर्व मंत्री मुकुल उपाध्याय के पिता रामचरण उपाध्याय का बीते दिनों निधन हो गया था। बुधवार को हाथरस में स्वर्गीय पंडित रामचरण उपाध्याय की शोक सभा आयोजित की गयी। शोक सभा में पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, भाजपा नेता श्यामवीर चौधरी तथा पार्षद राजेन्द्र तितौरिया, पूर्व पार्षद रियासुद्दीन सलमानी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्वर्गीय रामचरण उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# एनडीआरएफ श्रीलंका में भी बनी संकटमोचक, 150 से अधिक लोगों की बचाई जान

- गर्भवती महिला को दिया नया जीवन
- 80 बचावकर्मी व चार खोजी डॉग्स ने निभाई अहम भूमिका







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** श्रीलंका में आए विनाशकारी चक्रवात ने कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन की स्थितियों के बीच फंसे लोगों की सहायता के लिए भारत ने मानवीय पहल के तहत ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया है। इस अभियान में गाजियाबाद की टीमों ने अब तक 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि राहत और बचाव का कार्य लगातार जारी है।

भारत सरकार द्वारा भेजी गई दो विशेष टीमों— जिनमें 80 बचावकर्मी और चार खोजी कुत्ते शामिल हैं। जो श्रीलंका के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों कडुवेला, बदुल्ला और पुट्टलम में तैनात किया गया है। इन टीमों ने खतरनाक परिस्थितियों में अभियान चलाते हुए 70 लोगों को सीधे रेस्क्यू किया और 80 से अधिक को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया है। इसके साथ ही कई जानवरों और पशुधन को भी बचाया गया है।

## भोजन पैकेट भी बांट रही है बचाव टीम

**करंट क्राइम :** राहत अभियान के दौरान एनडीआरएफ की टीमों ने मलबे में फंसे लोगों की खोज में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब तक दो शवों को बाहर निकाला गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है। टीम स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर राहत सामग्री और भोजन के पैकेट भी लगातार वितरित कर रही है। अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता उस समय मिली जब ने पुट्टलम क्षेत्र से नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित रेस्क्यू किया। कई घंटों के कठिन ऑपरेशन के बाद महिला को सुरक्षित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। टीम में शामिल चार महिला बचावकर्मी स्थानीय महिलाओं और बच्चों की विशेष सहायता कर रही हैं। कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के लिए गाजियाबाद स्थित ठ्य्रमुख्यालय से 24 टन राहत सामग्री श्रीलंका भेजी जा चुकी है। इसमें भोजन, दवाइयाँ, टेंट, पानी और अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं।

## बड़ी आपदाओं में सबसे आगे रहती है एनडीआरएफ

**करंट क्राइम :** गौरतलब है कि एनडीआरएफ गाजियाबाद की 8वीं बटालियन इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आपदाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। नेपाल भूकंप, केदारनाथ आपदा, असम-बिहार बाढ़ और मालदीव राहत अभियान जैसे कई मिशनों में इस टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया है। श्रीलंका में इस समय दिन-रात राहत एवं बचाव कार्य तेज गति से जारी है और एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम लगातार प्रभावित लोगों तक पहुँचकर उनकी सहायता कर रही है।

# गाजियाबाद में जल्द नजर आएगा बड़ा बदलाव : नंद किशोर कलाल

### हरनंदीपुरम योजना, ट्रैफिक सुधार और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर तेजी से चल रहा काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्राधिकरण सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि गाजियाबाद, जो दिल्ली सीमा से लगा उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार है, आने वाले समय में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण का प्रमुख फोकस लैंड बैंक विकसित करने पर है, जिसके तहत नई हरनंदीपुरम योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।



इस योजना के लिए लगभग 501 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रस्तावित है, जिसमें दो चरणों मे जमीन क्रय करते हुए योजना को धरातल पर उतारना प्रस्तावित किया गया है ।प्रथम चरण में लगभग 336 हेक्टेयर जमीन में से अब तक 35 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में हो चुका है, जबकि 85 हेक्टेयर जमीन पर किसानों से सहमति बन चुकी है। उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कम लागत में प्रभावी समाधान लागू किए जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने ठाकुरद्वारा तिराहा, हापुड़ चुंगी, मधुबन बापूधाम गोलचक्कर, प्रताप विहार डीपीएस चौक, अजनारा इंटिग्रिटी (राजनगर एक्सटेंशन), आशियाना चौक व बुनकर मार्ट चौक के निरीक्षण का जिक्र करते हुए बताया कि इन स्थानों की जल्द कायाकल्प की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की राजनगर एक्सटेंशन योजना में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से जुड़े मुद्दों पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें हुई हैं और स्टेडियम निर्माण का रास्ता जल्द साफ होने की उम्मीद है। उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि तुलसी निकेतन योजना के रिडेवलपमेंट के संबंध में एनबीसीसी के साथ एमओयू साइन हो चुका है, और आवंटियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह तथा मीडिया प्रवक्ता रुद्रेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता अपने परिवार की सबसे छोटी बिटिया टियारा को साक्षात माता रानी का आशीर्वाद मानते हैं। नन्ही परी टियारा पूरे परिवार की लाडली है और टियारा के जन्मदिन की खुशी को समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने फेसबुक पर अपने शुभचिंतकों, समर्थकों और पूरे परिवार के साथ साझा किया। पूरे परिवार की ओर से ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद के साथ खुशियों की कामना की, उत्तर स्वास्थ की कामना की। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता की लाडली टियारा जन्मदिन की खुशियों को साझा करती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बड़ा हादसा: विजय नगर की सोसायटी में लिफ्ट चौथी मंजिल से बेसमेंट में गिरी, चार घायल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर क्षेत्र के प्रताप विहार स्थित कुणाल रेजिडेंसी सोसायटी में बुधवार सुबह लिफ्ट अचानक खराब होकर चौथी मंजिल से बेसमेंट में जा गिरी। हादसे के वक्त लिफ्ट में चार लोग सवार थे, जो तेज धमाके के साथ नीचे गिरने से घायल हो गए। सोसायटी निवासियों ने बताया कि लिफ्ट गिरते ही जोरदार आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत दरवाजा खोलकर घायलों को बाहर निकाला। हादसे के बाद सोसायटी में दहशत का माहौल बन गया और लोग लिफ्ट की सुरक्षा को लेकर नाराज दिखे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लिफ्ट का समय पर रखरखाव नहीं किया जाता, जिससे पहले भी कई बार तकनीकी खराबी सामने आई थी। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर लिफ्ट में तकनीकी खराबी की जांच शुरू कर दी है। सोसायटी निवासियों ने जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।